**कार्यालय कार्यपालन यंत्री रॉकफिल बाँध सम्भाग, देवलोंद, जिला–शहडोल (म.प्र.)**
e-mail : eerockfill@gmail.com , Ph. No. : 07650-268684

पत्र क्र. 394 /कार्य/बहुती/2016 देवलोंद, दिनांक 2-3-16

प्रति,

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबन्ध)**
**एवं नोडल अधिकारी**
**वन (संरक्षण) अधिनियम 1980**
**म.प्र. भोपाल**

**विषयः–** रीवा वन वृत्त के वन मण्डल सीधी के वन परिक्षेत्र सीधी के अन्तर्गत आरक्षित वनखण्ड गोविन्द एक्सटेन्शन फॉरेस्ट के कक्ष क्र0 आर0एफ0 1120 एवं 1121 में रकवा 6.728 हेक्टे0 वन भूमि में बहुती नहर योजना की बहुती मुख्य नहर के सुरंग निर्माण के कार्य हेतु वन भूमि के व्यपवर्तन का प्रस्ताव।

**संदर्भः–** forestsclearance.nic.in में फ्रेश फॉरेस्ट एरिया के व्यपवर्तन हेतु अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन (प्रस्ताव नं0 FP/MP/IRRIG/17911/2016 ) में दिनांक 23.2.16 को उठाई गई कमियों का बिन्दुवार पालन प्रतिवेदन।

---------00---------

उपरोक्त विषय में संदर्भित ऑनलाइन प्रस्ताव (प्रस्ताव नं0 FP/MP/IRRIG/17911/2016 ) में दिनांक 23.2.16 को उठाई गई आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण प्रतिवेदन आपकी ओर अवलोकनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर सादर सम्प्रेषित है।

**सहपत्र** – निराकरण प्रतिवेदन एवं एनेक्सर 1 से 5 तक।

(आर0एम0 द्विवेदी)
कार्यपालन यंत्री
रॉकफिल बाँध सम्भाग, देवलोंद
जिला–शहडोल (म.प्र.)

पृ0 क्र. 395/कार्य/बहुती/2016 देवलोंद, दिनांक 2-3-16

**प्रतिलिपि** –

1. मुख्य वन संरक्षक रीवा वन वृत्त रीवा की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. अधीक्षण यंत्री, बाणसागर पक्का बाँध बाँध मण्डल देवलोंद, जिला शहडोल की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. वन मण्डलाधिकारी, वन मण्डल सामान्य सीधी की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

**सहपत्र** – निराकरण प्रतिवेदन 2 पृष्ठों में।

(आर0एम0 द्विवेदी)
कार्यपालन यंत्री
रॉकफिल बाँध सम्भाग, देवलोंद
जिला–शहडोल (म.प्र.)

# COMPLIANCE OF THE SHORT COMING IN THE PROPOSAL i.e. ESSENTIAL DETAILS SOUGHT BY THE FOREST DEPARTMENT

## ON PROPOSAL NO. FD/MP./IRRIG/17911/2016 ON dtd. 23 FEB. 2016

| Query Sr. No. | Essential Details Sought by the Forest Department | Compliance / Reply of the Observations by the User Agency | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | A-3 (XVII) A competence / authority of the person making this application to make application on behalf of the User Agency is to be attached. | Bahuti canal scheme is an Irrigation project of Govt. of M.P. Water resources deptt. Administrative approval to the project as already been accorded by The govt. of m.p. WRD mantralaya Vallabh Bhawan Bhopal memo no. 22 (A)/64-53/2015/MPS/31/221 Bhopal Dtd. 20/02/2015 (at s. No. 10) for Rs. 859.60 crores. (Memo enclosed for work orederfor constructions of Bahuti Canal has been issued by Govt. of M.P. WRD major project control board memo no./CB/31/नि/2549/2015/71 Bhopal dtd. 29-jan-2015 on turn key basis. (Copy enclosed) Applicant is an Executive Engineer in user agency Water Resources Department M.P. and is posted in Rockfill Dam Division, Deolond Distt. Shahdol (M.P.). The application in form A for seeking prior approval of central Government Under section 2A Forest (Conservation) act 1980 for Diversion of fresh Forest area has been done as per the instructions of the competent authority. | |
| 2 | D-(i)(a) Justification note for location the Project in forest land is not signed. | Bahuti Canal Scheme has been proposed to provide the irrigation to 65000 Hect. land of Rewa and Satna district using the water of Bansagar Dam. The Govindgarh extension forest (located in Kymore hills) is situated between the reservoir of Bansagar dam and Command area of the project. Hence, there is no option except to construction a tunnel for Bahuti Main Canal in forest area. A report in this regard is enclosed here with. | |
| 3 | L(iv)(c) Annexure can not be opened/viewed. | A fresh copy (KML file) of the patch is now being submitted for the purpose. (annexure no. 3) | |
| 4 | L(v) Geo referenced map for CA is to be attached instead of satellite map. | Now it is again enclosed. (annexure no. 3 & 4 -5) | |

कार्यपालन यंत्री
रॉकफिल बांध संभाग
देवलोंद, जि० शहडोल (म०प्र०)

| Query Sr. No. | Essential Details Sought by the Forest Department | Compliance / Reply of the Observations by the User Agency | Remarks |
|---|---|---|---|
| 5 | L(v) Survey of India toposheet for CA is to be attached instead of satellite map. | Now it is again enclosed. (annexure no. 5) | |

**Executive Engineer**
**Rockfill Dam Division**
**Deolond, Dist. Shahdol (M.P.)**

Annexure No. 6

# REPORT CUM JUSTIFICATION NOTE FOR LOCATING THE BAHUTI CANAL TUNNEL PROJECT IN THE FOREST LAND.

Bahuti Canal scheme has been proposed to provide Irrigation facility to 65000 hactor land of Rewa and Satna District of M.P. State. The Bahuti canal takes off from Bansagar reservoir near village Amjhori Ramadhin and Gulwar Gujara of Ram nagar Tahsil of Satna district. Its Commanded area is located in Rewa and Satna District which is only reachable after crossing the kymure hills and Govindgarh extenstion forest. Hence there is no option except to construct a tunnel for Bahuti main canal in the forest land of Govindgarh extension forest distt. Rewa (M.P.)

**Sub Divisional Officer**
**Right Bank Canal Subdivision**
**Deolond, Dist. Shahdol (M.P.)**

**Executive Engineer**
**Rockfill Dam Division**
**Deolond, Dist. Shahdol (M.P.)**

Annexure- MO-7
Reply of Query S.No.1-
(9)

मध्यप्रदेश शासन
जल संसाधन विभाग,
-:: मंत्रालय ::-
वल्लभ भवन भोपाल

पत्र क्रं.-22(ए)/64-53/2015/एमपीएस/31/220 भोपाल दिनांक-20/02/2015

प्रति,

प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
भोपाल म.प्र.

विषय :- बाणसागर बहुउद्देशीय परियोजना नहर कार्य (यूनिट-2) की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति एवं निवेश निकासी की अनुमति।

-000-

बाणसागर बहुउद्देशीय परियोजना के नहर कार्य (यूनिट-2) की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति विभागीय समसंख्यक आदेश क्रमांक-22(ए)/64/53/07/एम.पी.एस/31/1170 दिनांक 08.05.2013 को सैच्य क्षेत्र 191737 हे. राशि रू. 3524.38 करोड़ की प्रदाय की गई थी।

2. उक्त पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 08.05.2013 के लिए मंत्रि-परिषद को प्रस्तुत संक्षेपिका में यह अवगत कराया गया था कि परियोजना में मध्यप्रदेश के हिस्से में उपलब्ध जल से उपरोक्त सैच्य क्षेत्र के अतिरिक्त लगभग 50 हजार हे. सैच्य क्षेत्र में सिंचाई की जा सकती है।

3. मंत्रि-परिषद की बैठक दिनांक 07/02/2015 में उपरोक्त सैच्य क्षेत्र एवं उनकी लागत को सम्मिलित कर बाणसागर परियोजनांतर्गत उसके घटक नहरों की वर्तमान सिंचाई क्षमता एवं लागत निम्नानुसार स्वीकृत करने की सहमति प्रदान की गई :-

| स.क्रं. | नहरों का नाम | रूपांकित सिंचाई क्षमता (हे.) | निजी साधनों से उद्वहन (हे.) | लागत राशि (रू. करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दांयी तट नहर (मगरदहा नहर सहित) | 4047 | 1000 | (47.86+6.42) 54.28 |
| 2. | भितरी नहर | 2185 | | 6.16 |
| 3. | सिंहावल नहर | 28794 | 2000 | 393.26 |
| 4. | क्योटि नहर | 37071 | 2000 | 731.89 |
| 5. | गुढ़ मऊगंज उद्वहन योजना | 1747 | - | 136.96 |
| 6. | पुरवा नहर | 59267 | 16000 | 770.56 |
| 7. | पुरवा नहर की मझगवां शाखा | 19217 | - | 193.98 |
| 8. | त्योंथर उद्वहन योजना | 11411 | - | 221.20 |
| 9. | त्योंथर फ्लो योजना | 41400 | - | 490.84 |
| ✓10. | बहुती नहर | 65481 | - | 859.60 |
| | कुल : | 2,70,620 | 21,000 | 3858.73 |

D:\MPS FOLDAR-2015\MPS-2015\MPS LETTER-2015.docराउत//

4. राज्य शासन एतद द्वारा बाणसागर बहुउद्देशीय परियोजना नहर कार्य(यूनिट-II) एवं उसके अंतर्गत समस्त घटकों सहित पूर्व में प्रदान कीः गई समस्त प्रशासकीय स्वीकृतियों को अद्यतन करते हुए 2,91,620 हेक्टर सैच्य क्षेत्र (सीसीए) हेतु राशि रूपये 3858.73 करोड़ (तीन हजार आठ सौ अठांवन करोड़ तिहत्तर लाख) की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति एवं निवेश निकासी की अनुमति प्रदान करता है।

5. परियोजना पर व्यय मांग संख्या 23/4700 (मुख्य सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय) के अंतर्गत विकलनीय होगा।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(व्ही०एस० टेकाम)
उप सचिव
म.प्र.शासन, जल संसाधन विभाग

पृ. क्रं.-22(ए)/77/2015/एमपीएस/31/221 भोपाल दिनांक-20/02/2015

प्रतिलिपि :-

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त/योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी/आदिम जाति कल्याण/कृषि विभाग, मंत्रालय भोपाल।
2. उप सचिव (बजट) मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग, भोपाल।
3. मुख्य अभियंता (बोधी) जल संसाधन विभाग, भोपाल।
4. मुख्य अभियंता, गंगा कछार जल संसाधन विभाग, रीवा।
5. अधीक्षण यंत्री, बाणसागर परियोजना मण्डल, रीवा।
6. निज सचिव, मा. मंत्रीजी, जल संसाधन विभाग, भोपाल।
7. संयुक्त संचालक, जनसंपर्क विभाग भोपाल, निवेदन है कि शासन द्वारा जारी की गई स्वीकृति के विषय विवरण समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
8. बैव मैनेजर, विश्वं बैंक परियोजनाएं जल संसाधन विभाग, भोपाल। कृपया स्वीकृति आदेश विभागीय वेबसाईट पर दर्ज करने का कष्ट करें।

उप सचिव
म.प्र.शासन, जल संसाधन विभाग

Annex - 8
Reply A Query S.N. 1.


**मध्यप्रदेश शासन**
**जल संसाधन विभाग**
**वृहद परियोजना नियंत्रण मण्डल**

कक्ष क्रमांक 409, चौथी मंजिल, जल संसाधन भवन
तुलसी नगर, भोपाल –462003
Tel. 0755-2557255
Email - cbmpbpl@gmail.com


पत्र क्रमांक/सीबी/31/नि/2549/2015/71 भोपाल, दिनांक 29 जनवरी, 2015

प्रति,

मुख्य अभियंता,
गंगा कछार
जल संसाधन विभाग,
रीवा, म0प्र0

विषय :– टर्न की आधार पर कि.मी. 0.00 से कि.मी. 20.494 तक बाण सागर बांध से निकलने वाली बहुती नहर का निर्माण कार्य 0.60 कि.मी. तथा 5.40 कि.मी. लम्बाई की दो नग सुरंग, सीसी अस्तर और स्थायी स्टील सपोर्ट सहित एवं सभी अन्य आवश्यक निर्माण कार्य, पम्प को छोडकर तीन वर्ष तक दोष दायित्व अवधि के साथ विस्तृत स्कोप आफ वर्क के अनुसार किन्तु उस तक सीमित नहीं।(सिस्टम टेण्डर नं 2102) (प्रकरण क. 2549)

---

वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल की 97वीं बैठक दिनांक 21 जनवरी, 2015 के कार्यवाही विवरण की कंडिका 3.2 में लिए गए निर्णय के अनुसार राज्य शासन टर्न की आधार पर कि.मी. 0.00 से कि.मी. 20.494 तक बाण सागर बांध से निकलने वाली बहुती नहर का निर्माण कार्य 0.60 कि.मी. तथा 5.40 कि.मी. लम्बाई की दो नग सुरंग, सीसी अस्तर और स्थायी स्टील सपोर्ट सहित एवं सभी अन्य आवश्यक निर्माण कार्य, पम्प को छोडकर तीन वर्ष तक दोष दायित्व अवधि के साथ विस्तृत स्कोप आफ वर्क के अनुसार किन्तु उस तक सीमित नहीं कार्य हेतु मेसर्स मन्टेना इन्फ्रा, हैदराबाद (80 प्रतिशत) एवं मन्टेना कन्सट्रक्शन प्रा. लि., हैदराबाद (15 प्रतिशत) एवं मन्टेना इन्फाटेक प्रा.लि., हैदराबाद (5 प्रतिशत) के संयुक्त उपकम की राशि रू. 183.99 करोड़(एक सौ तिरासी करोड़ निन्यानबे) की निविदा, जो यू.सी.एस.आर. 2009 के आधार पर प्राक्कलित राशि रू. 176.7621 करोड़ से 4.089 (चार दशमलव शून्य आठ नौ) प्रतिशत अधिक है, की निम्न शर्तों पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान करता है :–

1. अनुबंध के पूर्व ठेका राशि की 5 प्रतिशत परफारमेंस सिक्योरिटी मेसर्स मन्टेना इन्फ्रा, हैदराबाद (80 प्रतिशत) एवं मन्टेना कन्सट्रक्शन प्रा. लि., हैदराबाद (15 प्रतिशत) एवं मन्टेना इन्फाटेक प्रा.लि., हैदराबाद के संयुक्त उपकम से जमा कराई जावे।
2. अनुबंध के पूर्व निविदा प्रपत्र में दी गई शर्तों के अनुसार माइलस्टोन नियत कर उसे अनुबंध का अंश बनाया जावे।
3. कार्य हेतु बजट एवं सभी स्वीकृतियॉं सक्षम अधिकारी से प्राप्त हों।

यह आदेश अनुबंध का अंश होगा। निविदा से संबंधित वांछित दस्तावेज अनुबंध करने के पूर्व संबंधित निविदाकार से प्राप्त कर पूर्णतः जांच लिए जावें।

निविदा से संबंधित अनुबंध निर्धारित एवं अब तक संशोधित फार्म में ही तैयार किया जावे एवं अनुबंध की एक प्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल कार्यालय को तथा अन्य संबंधित कार्यालयों को उपलब्ध कराई जावे।

29/01/2015
(संजीव गुप्ता)
विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी
कृते प्रमुख अभियंता/सदस्य सचिव
वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल
म0प्र0शासन, जल ससंसाधन विभाग

पृ.पत्र कमांक/सीबी/31/नि/2549/2015/72 भोपाल, दिनांक 29 जनवरी, 2015

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल
2. निज सचिव, माननीय मंत्री, म0प्र0शासन,जल संसाधन विभाग मंत्रालय, भोपाल
3. प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, जल संसाधन विभाग मंत्रालय भोपाल
4. महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र लेखा परीक्षा) म0प्र0, 53, अरेरा हिल्स, भोपाल
5. प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, भोपाल
6. मुख्य अभियंता(प्रोक्योरमेंट), कार्यालय प्रमुख अभियंता,जल संसाधन विभाग,भोपाल
7. अधीक्षण यंत्री, बाण सागर पक्का बॉध मंडल, देवलोंद जिला शहडोल, (म.प्र.)
8. कार्यपालन यंत्री, रॉकफिल बॉध संभाग देवलोंद जिला शहडोल, (म.प्र.)
9. मेसर्स मन्टेना इन्फ्रा, हैदराबादएवं मन्टेना कन्स्ट्रक्शन प्रा. लि., हैदराबाद एवं मन्टेना इन्फ्राटेक प्रा.लि., हैदराबाद का संयुक्त उपकम द्वारा कार्यपालन यंत्री, रॉकफिल बॉध संभाग देवलोंद जिला शहडोल, (म.प्र.)
10. वेब मेनेजर, कार्यालय परियोजना संचालक, पाईकू, कक्ष क. 209, द्वितीय तल, लिंक रोड नं. 3, भोपाल

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित।

29/01/2015

(संजीव गुप्ता)
विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी
कृते प्रमुख अभियंता/सदस्य सचिव
वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल
म0प्र0शासन, जल ससंसाधन विभाग